## हार्दिक बधाई



पनवेलकर ग्रुप के पार्टनर श्री. उमाकांत वऱ्हाडे सर इसके सुपुत्र तेजस वऱ्हाडे एस.एस.सी. बोर्ड की मार्च २०१८ परीक्षा में ९४.८० प्रतिशत मार्क लेकर स्कुल में अव्वल आये ।



पनवेलकर ग्रुप के पार्टनर श्री. विलास डोंगरे सर इनके सुपुत्र सिध्दांत डोंगरे एस.एस.सी. बोर्ड की मार्च २०१८ परीक्षा में ९१.४० प्रतिशत मार्क लेकर स्कुल में अव्वल आये ।

## पनवेलकर होम्स बिल्डींग बी. एवं सी. सोसायटी हस्तांतरण






अंबरनाथ स्थित पनवेलकर होम्स इस प्रोजेक्ट की बी और सी बिल्डींग के सोसायटी का हस्तांतरण कार्यक्रम पनवेलकर हेड ऑफिस में ४ अगस्त २०१८ को हुआ । इस कार्यक्रम में होम्स सोसायटी के प्रोविजनल कमिटी मेंबर को आंमत्रित किया था । कंपनी की तरफ से सी.ई.ओ. श्री. पोतदार सर, अपर्णा बिवलकर, धीरज शेणवा, सुषमा वाडकर और संगिता भराडकर उपस्थित थे । सोसायटी रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट सभी प्रोविजनल कमिटी मेंबर को हस्तांतरित किया गया । सोसायटी मेंटनन्स विषय की सभी जानकारी से पनवेलकर होम्स सदस्य को अवगत कराया ।

## ग्राहकों को फ्लॅट पझेशन



पनवेलकर इस्टेट माणकिवली बदलापूर पूर्व के प्रोजेक्ट में पनवेलकर स्टॅनफोर्ड इस बारह माले के पहले कॉम्प्लेक्स का फ्लॅट पझेशन देना अब शुरु हुआ है । ग्राहकों को पनवेलकर ग्रुप के स्टाफ के हाथो फ्लॅट की चाबी देकर उनका स्वागत किया गया । इस प्रोजेक्ट का काम कम समय में पुरा करके ग्राहकों को फ्लॅट सौंपे जा रहे है ।









# पनवेलकर दर्पण

आओ सब मिल के जीवन शैली संवारे ....

पनवेलकर ग्रुप ऑफ कंपनीज | संपादन : पनवेलकर कर्मचारी वृंद

वर्ष ३रा | अंक १ | सितंबर २०१८ | अंबरनाथ | पेज ४

## डिजिटल स्कूल उद्घाटन









शहापूर तालुका में बसे दहिवली पाडा, जिल्हा परिषद स्कूल के विद्यार्थीयों के लिए पनवेलकर ग्रुप फाऊंडेशन ने डिजिटल इंडिया के तहत डिजिटल क्लासरुम का निर्माण करवाके दिया, जिसमे बच्चो को कम्प्युटर ज्ञान प्राप्त करने हेतु सामग्री की व्यवस्था की गयी । गाँव इलाके में पढाई करने वाले बच्चो को पाठशाला में कम्प्युटर सामग्री की उपलब्धता से वंचित रहना पडता है । पनवेलकर ग्रुप फाउंडेशन अध्यक्षा श्रीम. सिमा पनवेलकर और पनवेलकर ग्रुप चेअरमन श्री. विजय पनवेलकर इन्होने विद्यार्थीयो की जरुरत को प्रथम प्राधान्य समझके जि. प. स्कूल को निधी प्रदान करके डिजीटल स्कुल का सपना पुरा करते हुए उद्घाटन समारोह द्वारा समाजसेवा का संदेश दिया । स्कूल के सभी शिक्षक गण एवं जि. प. अध्यक्षा श्रीम. मंजुषा जाधव इनके अध्यक्षता में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ । साथ में पनवेलकर ग्रुप सी.ई.ओ. श्री. रघुवीर पोतदार भी शामिल हुये ।

## पनवेलकर इस्टेट में नये शो फ्लॅट का निर्माण







अपने बदलापूर, माणकिवली स्थित पनवेलकर इस्टेट टाऊनशिप में हम आनेवाले दिनों में कम से कम १५०० फ्लॅट लेकर आ रहे है। उसी में से ३५७ फ्लॅट/ शॉप का पनवेलकर ग्रीनफोर्ड प्रोजेक्ट रेरा रजिस्टर हो के बेचने के लिए तैयार है । इस प्रोजेक्ट में हम शॉप, १ बी.एच.के., २ बी.एच.के., जैसे चॉईस लेकर आ रहे है आनेवाले प्रोजेक्ट में हम विविध आर्थिक स्तर के ग्राहकों को उनके पसंदीदा घर दिलाने की कोशिश कर रहे है । ग्राहको को अपना घर पसंद करने में आसानता हो, घर सजाने के लिए आयडियाज मिले, ये सोचते हुए हमने अपने माणकिवली सेल्स ऑफिस में अलग-अलग टाईप के शो फ्लॅट बनवाए है । ये फ्लॅट देखके ग्राहकों को तुरंत आयडिया आ सकती है की, वो घर खरीदने जा रहे है वा कैसा होगा, कितना एरीया यूज करने को मिल रहा है । उपलब्ध जगह का कैसे इस्तेमाल कर सकते है, ऐसे सवालो का जबाब उनको शो फ्लॅट देखते ही मिल सकता है। ये दोनो शो फ्लॅट का गणेशपूजन समारोह दि. १२ अगस्त रविवार को, पनवेलकर ग्रुप के सी.ई.ओ. श्री. रघुवीर पोतदार सर और श्रीमती रेवती पोतदार के हाथो से संपन्न हुआ । इस समारोह में पनवेलकर ग्रुप के सभी भागीदार, स्टाफ और प्लॉट ओनर्स भी शामिल हुए थे ।

## सेवा निवृत्त कर्मचारियों का सन्मान








कंपनी में १५ साल से अधिक सेवा करने वाले श्री. हनुमंत संदाप्पा, श्री. अशोक वाडेकर, श्री. दामु मुंडे,श्री. सदा गुजरे, श्री. मारुती दळवी, श्री. काशिनाथ गणुनामे, ये कर्मचारी इस वर्ष जुलै माह से अपनी आयु के ६० वर्ष पुर्ति पर कंपनी से सेवानिवृत्त हुये । हेड ऑफिस में संपन्न हुए कार्यक्रम में उन सभी जेष्ठ कर्मचारिओं को मान सन्मान से रु. ५१०००/- राशी से पनवेलकर ग्रुप चेअरमन श्री. विजय पनवेलकर जी ने उनका सत्कार किया । कंपनी की उन्नती में सेवानिवृत्त कर्मचारियाओ ने दिए हुए योगदान की तारीफ की । पनवेलकर ग्रुप के तीस वर्ष के सफर में पहली बार इस तरह का कार्यक्रम सभी हेडऑफिस स्टाफ की उपस्थिती मनाया गया । इस कार्यक्रम में एम.डी. राहुलसर, पार्टनर अस्लम सर, जयंती सर एवं सी.ई.ओ. पोतदार सर जी ने भी सेवानिवृत्ती कर्मचारिओं को उनके आगे के जीवन सफर एवं सेहत के लिए शुभकामनाए दी । सेवानिवृत्त कर्मचारिओं की तरफ से श्री. अशोक वाडेकर जी ने अपनी भावना प्रकट की । इतने साल कंपनी के साथ काम करने के उपरांत सेवानिवृत्ती लेते समय उनके चेहरे पर सुख-दुख के समिश्र भाव देखने मिले । हेड ऑफिस के सभी स्टाफ ने उन जेष्ठ कर्मचारिओं को शुभकामना दी। श्री. दामु मुंडे इनका सत्कार अपर्णा मॅडम, संगिता मॅडम, एचआर केदार जी ने किया ।

## BNI मेंबर्स डे सेमिनार में पनवेलकर ग्रुप शामिल




मुंबई सहारा स्टार हॉटेल में **BNI** मेंबर्स डे सेमिनार का आयोजन अगस्त महिने में हुआ । कुल दो दिन के इस सेमिनार में पुरे भारतभर और विदेश से **BNI** मेंबर आये थे । श्री. राहुल पनवेलकर **BNI ENRICH** ठाणे चेम्बर के सदस्य होने के नाते इस सेमिनार में उन्होने पनवेलकर ग्रुप पर्चेस और सेल्स टिम के साथ एक्झिबिशन स्टॉल्स का सेटप किया था । एक्झिबिशन स्टाल के माध्यम से भिन्न प्रांत के इंटरप्रिनिअर से मिलने एवं पनवेलकर ग्रुप के लिए नये वेंडर खोजने का मौका मिला । पनवेलकर ग्रुप ब्रॅंडींग के लिए इस सेमिनार का बहुत फायदा हुआ । कन्स्ट्रक्शन साईट कामकाज के संबधी अलग अलग कन्सलटंट आर्किटेक्ट, बिल्डर, फायनान्शियल कन्सलटंट से राहुल सर की चर्चा हुई । पनवेलकर ग्रुप प्रोजेक्ट की जानकारी स्टॉल के माध्यम से भिन्न उद्योजक को दी गई । कंपनी के मटेरियल पर्चेस के लिए बहुत सारे वेंडर का डेटा मिला ।

जिससे पनवेलकर ग्रुप कंसट्रक्शन मटेरियल खरीदारी में कंपनी को कर्म खर्चे में बेहतर गुणवत्ता युक्त मटेरियल मिलने में यकीनन फायदा हो रहा है। इस एक्झिबिशन में राहुल सर के साथ संजय वाघमारे, राहुल बांगे और संदिप शुक्ला ने हिस्सा लिया ।



## महाराष्ट्र का लोकप्रिय ब्रॅंड पुरस्कार से पनवेलकर ग्रुप सम्मानित



उद्योग जगत की हर एक गतिविधी को समाज के सामने रखने वाली मराठी मॅगझिन "अर्थ संकेत" ने मराठी उद्योजक को एक करने के लिए जुलै माह में बॉम्बे स्टॉक एक्चेंज वास्तु में भव्य तौर पे कार्यक्रम का आयोजन किया । इस कार्यक्रम में महाराष्ट्र में अलग अलग क्षेत्र में काम करने वाले २२ बडे उद्योजक ब्रॅंड को एक ही मंच पर आमंत्रित किया गया । समाज को नयी सोच और दिशा देने वाले एवं देश के आर्थिक स्तर और रोजगार निर्माण कार्य में हाथ बटाने वाले तथा अपने देश को प्रगती पथपर लिये जाने वाले चुनिंदा ब्रॅंड का सम्मान किया गया ।

इस भव्य कार्यक्रम में पनवेलकर ग्रुप को महाराष्ट्र का लोकप्रिय ब्रॅंड पुरस्कार से सम्मानित किया गया । यह पुरस्कार श्री. विजय पनवेलकर और राहुल पनवेलकर इन्होने प्रमुख अतिथी के हाथों स्विकार किया । इस कार्यक्रम मे श्री. सुभाष देशमुख सहकार, वस्त्रोद्योग एवं पणन मंत्री, श्री. मिलींद लांजेवार अतिरिक्त आयुक्त वस्तु एवं सेवा कर, श्री. आशिष कुमार चौहान - व्यवस्थापकीय संचालन **BSE**, श्री. शंकर जाधव - स्ट्रॅटेजी हेड **BSE**, श्री. अजय ठाकुर - प्रमुख **BSE SME** और अन्य समाजाजिक संस्था से माननीय व्यक्ति प्रमुख अतिथी के तौर पर उपस्थित थे। ब्रॅंडीग का महत्व और लघु एवं मध्यम उद्योजक के लिए पूँजी निर्माण इन विषय पर चर्चासत्र का आयोजन भी किया गया था । पनवेलकर ग्रुप के लिए उद्योग जगत का नया मंच इस कार्यक्रम द्वारा मिला ।

## ठाणे सम्मान समारोह



भिन्न क्षेत्र में नया किर्तीमान स्थापन करनेवाले नागरिको का गौरव करने के मनोदय से न्युज १८ लोकमत ने "ठाणे सम्मान २०१८" कार्यक्रम का आयोजन जोशी बेडेकर कॉलेज सभागृह में किया था। अपने नेतृत्व, मेहनत, संघर्ष और त्याग से समाज के सामने नया आदर्श रखनेवाले आदर्श व्यक्ति को मान्यवर अतिथी के हाथो सम्मानित किया गया । इस कार्यक्रम में पनवेलकर ग्रुप एम.डी. श्री. राहुल पनवेलकर जी प्रमुख अतिथी के रुप में उपस्थित थे । उनके हाथो भिन्न व्यक्तिओ को सम्मानित किया गया ।

## स्टाफ के लिए स्पोर्ट सेशन का आयोजन

पनवेलकर ग्रुप कंपनी में भिन्न डिपार्टमेंट में काम करने वाले कर्मचारियों के बीच में एक दूसरे के प्रति टिमवर्क की भावना जागृत होने और कामकाज में सहकार्य भाव जगाने के उद्देश से क्रिकेट गेम का आयोजन किया गया तथा हेड ऑफिस स्टाफ को टिमवर्क पर बनी गोल्ड मुव्ही अंबरनाथ बिग सिनेमा में दिखाई गई । दोनो कार्यक्रम में राहुल पनवेलकर जी शामिल हुए ।



